## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 31.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **गृह मंत्री अमित शाह ने देश में नक्सलवाद को खत्म करने के लिए अर्धसैनिक बलों, पुलिस और जनता के प्रयासों की सराहना की। कहा– विकास उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंच रहा है।**
2. **हजारीबाग में बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में प्रदेश भाजपा ने कहा– दो दिनों में आरोपी नहीं पकड़े गए तो 3 अप्रैल को झारखंड बंद, वित्तमंत्री राधाकृश्ण किशोर बोले– आरोपियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई।**
3. **ईडी ने लगभग 23 करोड रुपए के पेयजल घोटाला में तेज की जांच, तीन आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल, अदालत से संपत्ति कुर्क करने की मांगी अनुमति।**
4. **रांची बनेगा झारखंड का प्रमुख टूरिस्ट हब, सभी पर्यटन स्थलों पर लगेंगे सोलर लाइट, जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले।**
5. **खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड का शानदार प्रदर्शन जारी, नेहा ने कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक, पुरुष हॉकी टीम ने मध्यप्रदेश को हराकर फाइनल में बनाई जगह।**

**********************

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि वामपंथी उग्रवाद ने प्रभावित क्षेत्रों में विकास को बाधित किया था, लेकिन अब नरेन्द्र मोदी सरकार के नेतृत्व में इन क्षेत्रों में विकास पहुंच रहा है। गृहमंत्री लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त करने के प्रयासों पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे।

**********************

पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच सरकार ने आज आश्वासन दिया कि देश में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा शर्मा ने बताया कि देश की यूरिया इकाइयां वर्तमान में 80 प्रतिशत क्षमता से उत्पादन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों के अलावा अन्य स्रोतों से उर्वरकों की आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ में एक नाबालिग बच्ची की दुष्कर्म और हत्या मामले में राज्य सरकार पर निशाना साधा है । उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून और व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अगर 2 दिन में आरोपी नहीं पकड़े जाते हैं तो पार्टी 3 अप्रैल को झारखंड बंद बुलाएगी।

उधर, राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने अपने मद से पीड़ित परिजनों को एक लाख रुपये की तत्काल सहायता देने की घोषणा की। श्री किशोर ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**********************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 22 करोड़ 86 लाख रुपए की फर्जी निकासी मामले में आरोपी कर्मी संतोष कुमार, उनकी पत्नी ललिता सिन्हा और रॉक ड्रिल कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दायर कर दिया है। ईडी ने बताया कि अब तक 2 करोड 18 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है, जबकि 6 करोड़ 26 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क करने की अनुमति न्यायालय से मांगी गई है।

**********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने कहा है कि सरकारी शिक्षण संस्थानों की जमीन पर अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सायल की जमीन पर हुए अतिक्रमण मामले को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए इसे अविलंब हटाने का निर्देश प्रशासन को दिया।

**********************

रांची को झारखंड के प्रमुख पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जाएगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की वार्षिक बैठक में जिले के पर्यटन स्थलों के समग्र विकास और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने से संबंधित कई निर्णय लिए गए। इसमें मार्शाली पहाड़ को नए पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के साथ प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सौर ऊर्जा से संचालित लाइट लगाने तथा सूचना पट लगाने का निर्णय हुआ।

**********************

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आज का झारखंड दौरा स्थगित कर दिया गया है। उन्हें प्रदेश कांग्रेस की ओर से चाईबासा में जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में शामिल होना था। मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि सोनिया गांधी की तबीयत खराब होने की वजह से उनका कार्यक्रम रद्द हुआ है।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा गिरिडीह का 53 वां स्थापना दिवस समारोह झंडा मैदान में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड को विकसित करने का काम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं। वे इस प्रयास में है कि झारखंड को वैश्विक पटल पर एक अलग पहचान दिला सकें।

**********************

जेएसएससी की 12 अप्रैल को होने वाली झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा की लिखित परीक्षा के लिए आठ जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन जिलों में रांची, रामगढ़, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, देवघर और दुमका शामिल हैं। वहीं, आयोग की वेबसाइट पर 9 अप्रैल से अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

**********************

रांची पुलिस ने लापुंग और इटकी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर एक नाबालिग सहित पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से अवैध हथियार जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल भी मिली है। पुलिस ने बताया कि ये सभी अपराधी लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे।

**********************

धनबाद, बोकारो, दुमका, जामताड़ा, रांची, हजारीबाग, कोडरमा, गढ़वा और चतरा समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी आंधी–पानी और ओलावृष्टि होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि पांच अप्रैल तक आसमान में बादल छाए रहने तथा तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

**********************

झारखंड के खिलाड़ियों का प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शानदार प्रदर्शन जारी है। छत्तीसगढ़ के सरगुजा में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में नेहा ने 53 किलोग्राम वर्ग में झारखंड के लिए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, रायपुर में खेली जा रही पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड ने मध्य प्रदेश को आठ–एक से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। इसके अलावा एथलेटिक्स के 110 मीटर हर्डल्स में एमानुएल किस्कू और 400 मीटर में चिंतामणि टूटी ने भी फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में देश के माओवाद से मुक्त होने की घोषणा करने से संबंधित खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– बंद रहा हजारीबाग, सांसद और विधायक सड़कों पर उतरे, चैंबर ने दिया समर्थन।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– झारखंड के पलाश ब्रांड के उत्पाद अब मॉल में भी।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– जेईई मेन–2 परीक्षा के पहले रामगढ़ सेंटर में मॉनिटर बदलते तीन गिरफ्तार।

**दैनिक जागरण** लिखा है – आयकर रिटर्न के लिए अब मिलेगा फॉर्म–एक सौ तीस ।

*********समाप्त*********